फा.सं. 11017/5/2022-राजभाषा (ई-20058)

भारत सरकार

पशुपालन और डेयरी विभाग

(राजभाषा अनुभाग)

*****

कृषि भवन, नई दिल्ली

दिनांक: 12.09.2024

विषय: पशुपालन और डेयरी विभाग (मु.) तथा इसके अधीनस्थ कार्यालयों में हिंदी पखवाड़ा (14-28 सितंबर, 2024) के दौरान प्रतियोगिताओं का आयोजन।

पशुपालन और डेयरी विभाग (मु.) तथा इसके अधीनस्थ कार्यालयों में हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने तथा सरकारी कामकाज़ में अधिकारियों/कर्मचारियों की हिंदी के प्रति रुचि को बढ़ाने के उद्देश्य से विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दिनांक 14 से 28 सितंबर, 2024 तक 'हिन्दी पखवाड़ा' मनाया जा रहा है। पखवाड़े के दौरान विभाग (मु.) में कार्यरत सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को राजभाषा हिन्दी में कार्य करने हेतु प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निम्नलिखित कार्यक्रमानुसार निम्नलिखित प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी:-

क्र.सं.	**प्रतियोगिता का नाम**	**तिथि व समय**	**स्थान**
1.	निबंध प्रतियोगिता	20.09.2024 पूर्वाह्न 11-12 बजे	कमरा नं. 243 कृषि भवन
2.	हिंदी काव्य पाठ	24.09.2024 अपराह्न 2.30 बजे	कमरा नं. 243 कृषि भवन

2. उपर्युक्त हिंदी प्रतियोगिताओं में विजेताओं को निम्नानुसार पुरस्कार दिए जाएंगे:-

क्र.सं.	**पुरस्कार एवं संख्या**	**पुरस्कार राशि**
1.	प्रथम (01 पुरस्कार)	4000/- रुपये
2.	द्वितीय (01 पुरस्कार)	3000/- रुपये
3.	तृतीय (01 पुरस्कार)	2000/- रुपये
4.	प्रोत्साहन (02 पुरस्कार)	प्रति 1000/- रुपये

3. प्रतियोगिताओं से संबंधित सामान्य नियम एवं शर्तें **अनुलग्नक-1** में दी गई हैं।

4. मुख्यालय में प्रतिभागी **निबंध अथवा काव्य पाठ या दोनों** में भाग लेने के लिए अपना **नामांकन दिनांक 18.09.2024 को 5 बजे** तक ईमेल **ad-ol557@dahd.nic.in** पर भेजें दें या राजभाषा अनुभाग, **कक्ष सं. -**

557 में भेज दें। सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे हिंदी पखवाड़ा, 2024 के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

5. सभी अधीनस्थ कार्यालय भी ऊपर दी गई तिथि एवं समय के अनुसार निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करेंगे और प्रथम पुरस्कार विजेता की स्कैन्ड प्रविष्टि, उसके नाम, पदनाम, फोन नबंर और ई-मेल के साथ दिनांक 23.09.2024 को 12 बजे तक अवश्य ही राजभाषा अनुभाग (मुख्यालय) को ईमेल **ad-ol557@dahd.nic.in** पर भेजेंगे। अधीनस्थ कार्यालय अपने स्तर पर अन्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित कर सकते हैं।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

12/9/24.

संलग्नक: यथोक्त

(स्वाति मेल्टी)
सहायक निदेशक (रा.भा.)

सेवा में,
विभाग के सभी अनुभाग/अधिकारी/कर्मचारी तथा अधीनस्थ कार्यालयों के प्रभारी

प्रतिलिपि प्रेषित:-
1. सचिव (एएचडी)
2. पशुपालन आयुक्त (एएचसी) के निजी सचिव
3. अपर सचिव (सीडीडी), संयुक्त सचिव (एलएच)(रा.भा.),
4. सलाहकार
5. विभाग के सभी निदेशक/उप सचिव/अवर सचिव
6. एनआईसी, डीएएचडी विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने के संबंध में।
7. ई-ऑफिस डेशबोर्ड

<u>अनुलग्नक-1</u>

<u>हिंदी पखवाड़ा 2024 के दौरान मुख्यालय तथा अधीनस्थ कार्यालयों में आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं के सामान्य नियम एवं शर्तें :-</u>

<u>हिंदी निबंध प्रतियोगिता, 2024*</u>

1. प्रतियोगिता की अवधि **<u>एक घण्टे</u>** की होगी और निबंध **<u>750-1000</u>** शब्दों का होना चाहिए। जो निबंध निर्धारित शब्द सीमा के अनुरूप नहीं होंगे उनमें नेगेटिव मार्किंग की जाएगी।
2. प्रतिभागियों को प्रश्न-पत्र में दिए गए विषय पर निबंध लिखना होगा ।
3. निबंध के कुल अंक 100 होंगे। इसमें विषय की समझ के 30 अंक, प्रस्तावना के 10 अंक, उपसंहार के 10 अंक, उद्धहरण और सटीक आंकड़ों के 20 अंक, लेखन शैली के लिए 20 अंक और स्वच्छ हस्तलेखन के 10 अंक होंगे। इन पैमानों के आधार पर एक विशेषज्ञ समिति निबंधों की जांच करेगी और अंकों का निर्धारण करेगी। समिति का निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।

<u>हिंदी काव्य पाठ प्रतियोगिता, 2024</u>

1. इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी द्वारा स्वरचित (मौलिक) कविता या किसी कवि की रचना पढ़ी जा सकती है।

2. इस प्रतियोगिता में तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल होगा जो विजेताओं का निर्णय करेगा।
3. काव्य पाठ के कुल 25 अंक होंगे। इसका विवरण इस प्रकार है:-

   1. काव्य पाठ - 7 अंक
   2. शैली - 6 अंक
   3. अभिव्यक्ति - 5 अंक
   4. समग्र प्रस्तुति - 5 अंक
   5. स्वरचित (मौलिक) रचना - 2 अंक

   कुल अंक - 25

4. प्रत्येक प्रतिभागी को काव्य पाठ के लिए तीन मिनट का समय दिया जाएगा। दो मिनट के बाद सांकेतिक ध्वनि बजाई जाएगी। उपर्युक्त इन मापदंडों के आधार पर तीन सदस्यों का निर्णायक मंडल विजेताओं का निर्णय करेगा। निर्णायक मंडल का निर्णय ही अंतिम और सर्वमान्य होगा।

*प्रतियोगिता के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने के लिए सहायक निदेशक (राभा..) से दूरभाष संख्या 011-

पर संपर्क किया जा सकता है। 23070319